राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

'परीक्षा पे चर्चा' से पहले राज्यपाल ने भी राजभवन आए विद्यार्थियों से संवाद किया

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विद्यार्थियों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' में भाग लिया

जयपुर, 1 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजभवन में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा' में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रधानमंत्री श्री मोदी से पूछे गए प्रश्नों के आलोक में अपने आपको तैयार रखने और परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं दी।

श्री मिश्र ने राजभवन में 'परीक्षा पे चर्चा' से पूर्व विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों से अनौपचारिक रू–ब–रू होते हुए अपने जीवन के संस्मरण भी साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ सहज संवाद करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल होने के लिए बहुत से सूत्र भी दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा में किसी भी स्थिति से घबराना नहीं चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता है। जरूरी यह भी है कि परीक्षा में विद्यार्थी की मनोवैज्ञानिक स्थिति ठीक रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे धैर्य रखते हुए यह प्रयास करें कि परीक्षा की तैयारी समग्रता में हो।

श्री मिश्र ने परीक्षा के समय संतुलित रहने के लिए भी अपने अनुभव सूत्र दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के एन वक्त पढ़ने की आदत, एक रात पहले पूरी रात जागकर पढ़ना ठीक नहीं है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे भय नहीं रखते हुए परीक्षा दें।

राज्यपाल ने कहा कि पूरा जीवन ही परीक्षा है। विद्यार्थी जीवन समाप्त करने के बाद नए जीवन में प्रवेश करना भी परीक्षा है। इन परीक्षाओं में भी उत्तीर्ण होना है। इसलिए विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पहले से अपना लक्ष्य निर्धारित रखें। इसी से सफल और सक्षम होंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से देश के विभिन्न भागों के विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा से संबंधित पूछे गए प्रश्नों और उनके दिए सभी उत्तर मनोवैज्ञानिक रूप में महत्वपूर्ण बताये। उन्होंने कहा कि पहले से विचार कर चलने वालों को घबराहट नहीं होती। उन्होंने 'परीक्षा पे चर्चा' को प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा से पहले दी गयी महत्वपूर्ण सौगात बताते हुए उनका अपनी ओर से तथा विद्यार्थियों की ओर से धन्यवाद दिया।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार ने विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें संवैधानिक व्यवस्थाओं के महत्व के बारे में संक्षेप में बताया।

राजभवन से राजभवन राजकीय विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों के 117 विद्यार्थी 'परीक्षा पे चर्चा' से जुड़े। इस कार्यक्रम में प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल, शिक्षकगण और राजभवन के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

———————